# 33 .45 लाख हितग्राहियों को पेंशन

## मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव ने समय पर सामाजिक सुरक्षा राशि की जारी

### 200 करोड़ रुपये से अधिक राशि अंतरण

**भोपाल, 29 अप्रैल. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि यह उस विश्वास का प्रतीक है कि सरकार हर परिस्थिति में जरूरतमंदों के साथ खड़ी है. उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को सम्मान और पारदर्शिता के साथ सहायता उपलब्ध कराना ही सरकार का संकल्प है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मंत्रालय से समग्र पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 33 लाख 45 हजार 231 हितग्राहियों के बैंक खातों में मार्च पेड अप्रैल की 200 करोड़ 71 लाख रुपये की पेंशन राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की.**



उन्होंने कहा कि पीएम के मार्गदर्शन में राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और पेंशन योजनाएं सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं. उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से मिलने वाली राशि जरूरतमंदों के जीवनयापन में सहारा बनने के साथ उन्हें आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा भी देती है.

> सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचे, जिससे कोई भी नागरिक स्वयं को असहाय महसूस न करे . मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए 2 हजार 857 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को और मजबूती मिलेगी . विभागीय जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 62 हजार 594, मानसिक रूप से अविकसित एवं बहु दिव्यांग आर्थिक सहायता योजना के 77 हजार 120 तथा समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 32 लाख 5 हजार 517 हितग्राहियों सहित कुल 33 लाख 45 हजार 231 लाभार्थियों को 600 रुपये प्रतिमाह की दर से यह राशि प्रदान की गई है .

## शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में 3 मई को होगी नीट परीक्षा

**रीवा.** आगामी 3 मई को शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में एनटीए नीट यूजी 2026 परीक्षा का आयोजन किया जायेगा. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें व सुविधाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिये हैं. नीट परीक्षा 3 मई को अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी. परीक्षा केन्द्र में रिपोर्टिंग का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित किया गया है. यदि उम्मीदवार पारंपरिक पोशाक पहन रहे हैं तो उन्हें परीक्षा के दिन दोपहर 12.30 बजे तक आवंटित परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को अपने साथ एनटीए वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र की प्रिंट कॉपी, पोस्टकार्ड साइज की एक फोटो, पासपोर्ट साइज के 2 फोटो, किसी एक अधिकृत फोटो आईडी की मूल तथा वैध प्रति, व्यक्तिगत पारदर्शी पानी की बोतल, लडकों के लिए हल्के कपड़े, जिनमें लंबे बाजू न हों.

# बनारस-पुणे अमृत भारत ट्रेन का खंडवा में किया भव्य स्वागत

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 अप्रैल को बनारस पुणे अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रथम बार खंडवा स्टेशन पर पहुंची एक्सप्रेस ट्रेन का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि यह ट्रेन खंडवा स्टेशन पर बुधवार दोपहर 1 बजे खंडवा पहुंची जिसका कैबिनेट मंत्री विजय शाह , जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महापौर अमृता अमर यादव, विधायक छाया मोरै, नारायण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे ने स्वागत किया।

इस अवसर पर इस ट्रेन के ड्राइवर व स्टाफ का स्वागत अभिनंदन अतिथियों द्वारा मिठाई खिलाकर किया गया। ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के पूर्व स्टेशन पर स्वागत अभिनंदन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी हुई एवं सभी अतिथियों द्वारा उद्बोधन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं सांसद ज्ञानेश्वर



पाटिल का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया गया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने इस मौके पर मोबाइल से संबोधित कर शहर वासियों को इस एक्सप्रेस ट्रेन की बधाई दी और प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि ट्रेन संख्या 02531 बनारस पुणे उद्घाटन ट्रेन का खंडवा आगमन पर शहरवासियों ने स्वागत कार्यक्रम में शामिल होकर उत्साहवर्धन किया। खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर द्वारा लगातार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर खंडवा बुरहानपुर संसदीय क्षेत्र के स्टेशनों पर ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने के लिए मांग रखी जाती रही है। पुणे के लिए और अधिक ट्रेनें मिले इसको लेकर लगातार पत्र भेजे जाते रहे हैं। इसी मांग पर रेल मंत्री ने सकारात्मक दृष्टिकोण रख खंडवा स्टेशन पर स्टॉपेज शामिल किया है। बनारस पुणे अमृत भारत उद्घाटन ट्रेन के खंडवा आगमन पर भुसावल मंडल द्वारा कार्यक्रम किया।

> **भाजपा सरकार दे रही लोगों को नई सुविधाएं**
>
> मंत्री विजय शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास के साथ हम आधुनिक भारत की ओर लगातार बढ़ रहे हैं, कई प्रकार की सुविधा हमें प्राप्त हो रही है, जो कांग्रेस काल में हमें प्राप्त नहीं हो सकी। मंत्री शाह ने कहा कि आप सबको विदित है कि कांग्रेस कार्यकाल में रेलवे स्टेशन की क्या हालत थी, ट्रेनों की क्या स्थिति थी लेकिन आज मोदी जी के राज में देश के सभी स्टेशन आधुनिक तकनीक की ओर आगे बढ़ रहे हैं, साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए कई नई ट्रेन लगातार देश में चल रही है।

## एक नजर में



### ग्वालियर विधानसभा में कांग्रेस कमेटी का गठन

**ग्वालियर .** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कल ग्वालियर विधानसभा के वार्ड 7 में वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन वरिष्ठजनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव और प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा उपस्थित रहे। बैठक का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष मुनेंद्र सिंह भदौरिया और आभार प्रदर्शन पार्षद मोनिका मनीष शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष जीतू चौहान, धर्मवीर लोधी, राघवेंद्र भदोरिया, मनीष शर्मा, अरुण राजपूत, महेश वर्मा, दीपक बघेल, दीपेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र जगरिया, विवेक पांडे, ऋषभ शर्मा, जानू राजावत, गोपाल, सोनू गडरिया, सोनू शर्मा, विजय, दिवाकर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे .

### विवादों की पार्किंग पर ताला तत्काल बंद के आदेश

**खंडवा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर के गांधी भवन परिसर में संचालित वाहन पार्किंग को तत्काल प्रभाव से बंद करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने निर्देश दिए हैं कि परिसर को तुरंत खाली कराया जाए और 1 मई से यहां किसी भी प्रकार की पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। बताया गया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि गांधी भवन परिसर में संचालित पार्किंग में नागरिकों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं। हाल ही में 26 अप्रैल को एक अधिवक्ता के साथ कथित रूप से पार्किंग संचालक द्वारा मारपीट की गई, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आईं। इस मामले में थाना सिटी कोतवाली में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

### युवक को तस्कर ने स्कॉर्पियो से कुचला

**नीमच .** रतनगढ़ थाना क्षेत्र में सिंगोली मार्ग पर कुख्यात तस्कर पप्पू धाकड़ ने पैरोल पर जेल से बाहर आए अशोक धाकड़ पर जानलेवा हमला कर दिया. दरअसल, आरोपी तस्कर ने युवक की बाइक को टक्कर मारी. इसके बाद उसे वाहन से कुचलने की भी कोशिश की. स्कॉर्पियो से टक्कर मारने के बाद अशोक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है .पत्नी को ससुराल छोड?र बाइक से गांव लौट रहे थे जानकारी के मुताबिक, हाथीपुरा निवासी अशोक धाकड़ अपनी पत्नी को ससुराल छोड?र बाइक से गांव लौट रहे थे . इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे पप्पू धाकड़ और उसके साथियों ने उनकी बाइक को स्कॉर्पियो से टक्कर मार दी और कुचलने की कोशिश की. इस हमले में अशोक के हाथ, पैर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं .

# गंदे पानी को लेकर वार्डवासियों में गुस्सा

## धरने पर बैठे पार्षद, बड़वानी में सीवरेज-पानी लाइन लीक

**बड़वानी, 29 अप्रैल. शहर के कालका माता मंदिर क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब सीवरेज और पेयजल लाइनों में लीकेज के कारण घरों में दूषित पानी की सप्लाई होने लगी. नलों से गंदा और बदबूदार पानी आता देख वार्डवासियों का गुस्सा फूट पड़ा. विरोध स्वरूप कांग्रेस पार्षदों ने सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.**

धरना स्थल पर पहुंचे नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष राकेश सिंह जाधव ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए. जाधव ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में सीवरेज का कार्य किया जा रहा था, जिस दौरान लापरवाही के चलते मुख्य पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई. उन्होंने आगे कहा कि नियमों के अनुसार पेयजल लाइन और सीवरेज पाइप एक साथ नहीं डाले जा सकते, लेकिन यहां नियम विरुद्ध काम किया गया है.



**स्थायी समाधान नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी**

पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का स्थायी समाधान जल्द नहीं हुआ और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो दोबारा धरना दिया जाएगा. फिलहाल प्रशासन की टीम सुधार कार्य में लग गई है .

**अधिकारियों के आश्वासन से शांत हुए रहवासी**

प्रदर्शन की खबर मिलते ही नगर पालिका के इंजीनियर और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे . उन्होंने प्रदर्शनकारियों और वार्डवासियों से चर्चा कर स्थिति का जायजा लिया . अधिकारियों ने ठेकेदार को लीकेज ठीक करने के निर्देश दिए .

अधिकारियों को शिकायत के बाद भी केवल आश्वासन मिल रहा है और कंपनी के जिम्मेदार फोन तक नहीं उठा रहे.

वार्ड नंबर 14 के पार्षद प्रतिनिधि हेमंत कुमावत के अनुसार, गंदे पानी की समस्या के बारे में बीते दिन ही सूचित कर दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. दूषित पानी के कारण क्षेत्र में महामारी और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है.

# विधायक निर्मला को दस्तावेज पेश करने का मिला समय

**हाईकोर्ट में सरकार की ओर से दी गई जानकारी**

**जबलपुर, 29 अप्रैल. मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ को सरकार की ओर से बताया गया कि विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ दल-बदल कानून के तहत कार्यवाही किये जाने संबंधित आवेदन की सुनवाई विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 22 अप्रैल को की गई थी. विधायक निर्मला सप्रे के आवेदन पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें दस्तावेज पेश करने समय प्रदान किया है. सरकार के जवाब को रिकॉर्ड में लेते हुए युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 18 जून को निर्धारित की है.**

उल्लेखनीय है कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की ओर से हाईकोर्ट में दल-बदल



कानून के तहत कांग्रेस की बीना से विधायक निर्मला सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग की गई है. याचिका में कहा गया था कि उन्होंने 30 जून 2024 को विधानसभा अध्यक्ष तोमर के समक्ष इस मामले में याचिका दायर की थी. लेकिन निर्धारित 90 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई. जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है. याचिका में कहा गया था कि विधायक सप्रे ने पार्टी विरोध गतिविधियों में लिप्त थी. लोकसभा चुनाव के दौरान पांच मई 2024 को राहतगढ़ में मुख्यमंत्री यादव के कार्यक्रम में मंच पर पहुंची थीं.

याचिकाकर्ता का कहना है कि कांग्रेस विधायक सप्रे भाजपा में शामिल हो चुकी हैं. इसके बावजूद उन्होंने विधायक पद से त्यागपत्र नहीं दिया है. दलबदल कानून के प्रकाश में उनका यह रवैया गैर कानूनी है. इसलिए सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए. याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से उक्त जानकारी पेश की गई.

**सरकार को जवाब के लिए मोहलत**

प्रदेश के शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में है . दरअसल हाईकोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में आरोप है कि जिले के 102 शासकीय स्कूल शिक्षक विहीन है, जबकि 499 स्कूलों में सिर्फ एक या दो ही शिक्षक पदस्थ है . चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने पूर्व में शासकीय विद्यालयों की संख्या व शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर सरकार से हलफनामे में जवाब मांगा था . मामले में आगे हुई सुनवाई दौरान सरकार की ओर से जवाब के लिये समय की राहत चाही गई, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने तीन सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 29 जून को निर्धारित की है . दरअसल यह जनहित का मामला डिंडोरी निवासी लोक सिंह की ओर से दायर किया गया है . जिसमें कहा गया है कि डिंडौरी जिले के शासकीय स्कूलों में शिक्षा का स्तर अस्तित्वहीन है . क्योंकि 102 शासकीय स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं है तो वहीं शेष अन्य 499 स्कूलों में एक या दो ही शिक्षक पदस्थ है . आवेदक की ओर से कहा गया कि जब स्कूलों में शिक्षक ही नहीं तो बच्चों की पढ़ाई कैसे संभव है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय है .

इतना ही नहीं राईट-टू-एजुकेशन एक्ट का भी उल्लंघन है .

# नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर ओंकारेश्वर पहुंचेंगे ब्रह्मचारी अवधेशानंद महाराज

**आध्यात्मिक यात्रा में सम्मिलित अन्य पूज्य संतजन भी मौजूद**

**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर।** मां नर्मदा की पावन पैदल परिक्रमा पूर्ण कर राजस्थान के सूरजकुंड वाले पूज्य ब्रह्मचारी अवधेशानंद जी महाराज गुरुवार को नरसिंह चतुर्दशी के अवसर पर ओंकारेश्वर पहुंचेंगे। उनके साथ इस आध्यात्मिक यात्रा में सम्मिलित अन्य पूज्य संतजन भी मौजूद रहेंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण निर्मित होगा। महाराज का नगर में भव्य स्वागत किया जाएगा। यात्रा का प्रमुख पड़ाव नगर के प्राचीन श्री नरसिंह टेकरी आश्रम में रहेगा, जहां श्रद्धालुओं के दर्शन-आशीर्वाद के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही



हैं। आश्रम परिसर में भक्तों की बड़ी संख्या जुटने की संभावना को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।परिक्रमा यात्रा का विधिवत समापन वैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर मां नर्मदा के तट पर संकल्प पूर्ति के साथ किया जाएगा।

## एसडीएम ने किया गेहूं खरीदी केंद्र शिवगढ़ का निरीक्षण

**सैलाना।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है । एसडीएम सैलाना तरूण जैन द्वारा उपार्जन केंद्र शिवगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर कुल 201 स्लॉट बुक किए गए थे, जिनमें से 142 किसानों से खरीदी की जा चुकी है। केंद्र पर एफएक्यू गुणवत्ता का गेहूं खरीदा जा रहा है। कुल खरीदी मात्रा 5071 क्विंटल दर्ज की गई है। एसडीएम द्वारा बोरों का वजन समक्ष में तुलवाकर सत्यापन किया गया।

## व्यापारी ने राजगढ़ में लगाई फांसी

**शुजालपुर.** शुजालपुर के एक व्यापारी द्वारा राजगढ़ जिले में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है, बताया जा रहा है कि वह अपने ससुराल में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था, इसी दौरान उसने यह कदम उठा लिया. जानकारी के अनुसार घटना राजगढ़ जिले के चोमा गांव के पास की है, जहां व्यापारी का शव एक कुएं की मुंडेर पर लटका मिला. प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि उसने कुएं की मुंडेर पर लगे लोहे के सरिए से गमछा बांधकर फंदा लगा लिया, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. मौके से पुलिस ने मृतक की बाइक एमपी 42 जेड जी 1453 और एक बैग भी बरामद किया है, मृतक की पहचान शुजालपुर मंडी बस स्टैंड क्षेत्र में होटल संचालित करने वाले विजय केवट 34 वर्ष के रूप में हुई है.

# कलेक्टर ने बर्डिया पूना व देवरी का किया निरीक्षण

**मंदसौर, 29 अप्रैल. कलेक्टर अदिती गर्ग ने विकासखंड गरोठ के ग्राम बर्डिया पूना में क्षीरधारा का निरीक्षण कर पशुपालकों से संवाद किया. उन्होंने एचएफ जर्सी गायों व दुधारू भैंसों का अवलोकन करते हुए दुग्ध समृद्धि अभियान के तहत कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने और सांची सहकारी संघ से जुड़ने के लिए प्रेरित किया.**

निरीक्षण के दौरान पशु-पक्षियों हेतु बनाए गए पेयजल होद की सराहना की गई. साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत करीब 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित तालाब का निरीक्षण कर उसकी गहराई बढ़ाने व आसपास पौधारोपण के निर्देश दिए.




इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम पंचायत देवरी में नव निर्मित मॉडल पंचायत भवन का अवलोकन किया. भवन के हाल, किचन व वेटिंग रूम सहित रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और रिचार्ज पीट की जानकारी ली तथा नागरिकों से स्व-गणना में भाग लेने की अपील की. कलेक्टर ने राहगीर अभियान के तहत हटाए गए अतिक्रमण का भी मौके पर निरीक्षण किया और सहयोग करने वाले लोगों के नाम शिलापट्ट पर अंकित करने के निर्देश दिए. इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# 5 विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल्स से राजनीतिक उत्सुकता चरम पर

**नई दिल्ली. पांच विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल्स ने राजनीतिक उत्सुकता को चरम पर पहुंचा दिया है.**

- **पश्चिम बंगाल** में आठ प्रमुख सर्वे में से छह ने भाजपा को स्पष्ट बहुमत का अनुमान दिया है, जिससे राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार बनने की संभावनाएँ बढ़ रही हैं। मैट्रिज, पोल डायरी और चाणक्य स्ट्रैटजीज जैसे सर्वेक्षणों में भाजपा को 146 से 161 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि तृणमूल कांग्रेस 125-140 सीटों तक सीमित दिखाई दे रही है. वहीं प्रजा पोल ने भाजपा को 178-208 सीटें देने का दावा किया है.
- **असम** में 126 सीटों वाली विधानसभा में सरकार बनाने के लिए 64 सीटें आवश्यक हैं। सभी प्रमुख सर्वेक्षणों ने भाजपा गठबंधन को प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटते हुए दिखाया है। मैट्रिज, आजतक-एक्सिस माय इंडिया, जेवीसी-टाइम्स नाऊ और पीपल्स पल्स ने भाजपा+ गठबंधन को 82-101 सीटें दिलाने का अनुमान लगाया है.
- **केरल** में 140 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत के लिए 71 सीटें आवश्यक हैं। एग्जिट पोल नतीजों में सात में से आठ सर्वे ने यूडीएफ को बहुमत का संकेत दिया है। मैट्रिज और जेवीसी ने यूडीएफ को 70-84 सीटों तक पहुंचते दिखाया है, जबकि एलडीएफ पिछड़ा हुआ नजर आ रहा है.
- **तमिलनाडु** में द्रमुक गठबंधन की बढ़त दिखाई दे रही है, लेकिन टीवीके ने भी मजबूत पकड़ दिखाई है। 234 सीटों वाली विधानसभा में छह सर्वे द्रमुक को बहुमत का अनुमान दे रहे हैं।
- **पुडुचेरी** में सभी पांच एग्जिट पोल ने एनडीए को स्पष्ट बहुमत के साथ विजेता बताया है.

## पांच राज्यों का एग्जिट पोट (एक नजर में आंकड़े)



### पश्चिम बंगाल एग्जिट पोल

| एजेंसी | तृणमूल+ | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 | 5-9 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 130-140 | 150-160 | 6-10 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 | 0-0 |
| पीपल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-4 |
| पी- मारक्यू | 118-138 | 150-175 | 2-6 |
| जनमत पोल्स | 195-205 | 80-90 | 4-9 |
| जेवीसी | 131-152 | 138-159 | 2-4 |

### केरल एग्जिट पोल

| एजेंसी | एलडीएफ | यूडीएफ | भाजपा+ | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 60-65 | 70-75 | 3-5 | 2-4 |
| पीपल्स पल्स | 75-85 | 55-65 | 0-3 | 0-0 |
| जेवीसी | 52-61 | 72-84 | 3-7 | 0-0 |
| एक्सिस माय इंडिया | 49-62 | 78-90 | 0-3 | 0-0 |
| वोट वाइब | 58-68 | 70-80 | 0-0 | 0-4 |
| पी-मारक्यू | 62-69 | 71-79 | 1-4 | 0-3 |
| पीपल्स इनसाइट | 58-68 | 66-76 | 10-14 | 0-1 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 58-64 | 72-80 | - | 3-7 |

### असम एग्जिट पोल

| एजेंसी | भाजपा+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 85-95 | 25-32 | 6-12 |
| आजतक-एक्सिस माय इंडिया | 88-100 | 24-36 | 00 |
| जेवीसी-टाइम्स नाऊ | 88-101 | 23-33 | 2-5 |
| पीपल्स पल्स | 83-91 | 23-31 | 35 |
| पोल डायरी | 86-101 | 15-26 | 00 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 88-98 | 22-32 | 3-5 |
| पी-मारक्यू | 82-94 | 30-40 | 1-5 |
| जनमत पोल्स | 87-98 | 29-30 | 00 |

### तमिलनाडु एग्जिट पोल

| एजेंसी | द्रमुक+ | एनडीए | टीवीके | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 122-132 | 87-100 | 10-12 | 0-6 |
| पीपल्स पल्स | 125-145 | 65-80 | 18-24 | 2-6 |
| चाणक्य स्ट्रैटजी | 145-160 | 50-65 | - | 18-26 |
| प्रजा पोल | 148-168 | 61-81 | - | 1-9 |
| पी-मारक्यू | 125-145 | 65-85 | 16-26 | 1-6 |
| जेवीसी | 75-95 | 128-147 | 8-15 | - |
| पीपल्स इन्साइट | 120-140 | 60-70 | 30-40 | 0-4 |
| कामाख्या एनालिटिक्स | | 78-95 | 68-84 | 67-81 |

### पुडुचेरी एग्जिट पोल

| एजेंसी | एनडीए | कांग्रेस+ | टीवीके+ | अन्य ) |
|---|---|---|---|---|
| पीपल्स पल्स | 16-19 | 10-12 | 0-0 | 1-2 |
| एक्सिस माय इंडिया | 16-20 | 6-8 | - | 3-7 |
| प्रजा पोल | 19-25 | 6-10 | 0-0 | 0-0 |
| कामाख्या एनालिटिक्स | 17-24 | 4-7 | 1-2 | 0-1 |
| जेवीसी | 15-17 | 11-13 | 1-2 | 0-1 |